दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः- 321
मुरादाबाद
14 March 2025
(Friday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
Happy Holi
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

**प्रिय सुधि पाठको रंगों और मिठास का त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं- एन. राज शर्मा प्रधान संपादक**

## राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने देशवासियों को दी होली की बधाई, एकता और उत्साह का दिया संदेश




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को होली के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने इस पर्व को एकता और भाईचारे का प्रतीक बताया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर राष्ट्र की एकता को और मजबूत बनाने की कामना की। उन्होंने कहा कि मैं कामना करता हूं कि होली राष्ट्र की एकता के रंग को और गाढ़ा कर दे।राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, यह त्योहार हमारे जीवन में एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करता है। होली के रंग विविधता में एकता के मूल्यों को दर्शाते हैं। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है और हमें प्रेम व सकारात्मकता फैलाने की प्रेरणा देता है। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। यह हमें अपने आस-पास प्रेम और सकारात्मकता फैलाना सिखाता है। उन्होंने देश-विदेश में रह रहे सभी भारतीयों के जीवन में खुशहाली की कामना की।वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, होली का पावन पर्व हर किसी के जीवन में नई उमंग और ऊर्जा भरे। यह त्योहार हमारे राष्ट्रीय एकसूत्र में बंधने की भावना को और मजबूत करे। उन्होंने लोगों से पर्यावरण-अनुकूल प्राकृतिक रंगों से होली मनाने की अपील भी की।












### अवकाश सूचना

प्रिय सुधि पाठको होली के पवन पर्व पर कार्यालय का दो दिन का अबकाश रहेगा अब आपको अगला अंक 17.03.2025 को प्राप्त हो सकेगा- संपादक
















संपादकीय Editorial

# Flames of riots in celebration

There were celebrations all over the country when Team India won the Champions Trophy. Drums were played. Fireworks were burst. People of all religions, creeds, races and castes participated in the celebrations.

An Indian colour was drenched in joy. Hence, it is natural to ask how the celebration of victory became communal? How did the situation of riots and stone pelting arise? Mhow city of Indore district of Madhya Pradesh is the birthplace of Baba Ambedkar and Gujarat is the home state of Father of the Nation Mahatma Gandhi and Prime Minister Modi, hence how did Hindus and Muslims clash during the celebration of victory? Riots have been taking place all over the country, but can flames of riots start burning on Team India's historic victory too? We have been asking this surprising question since the communal riots of Bengaluru and Kanpur that where does a boiling crowd come from? Where do stones, bricks, sticks and some swords suddenly appear from?

Now the question is whether streets and neighbourhoods can be marked in the name of religion and sect? Where is it mentioned in the Constitution that this is a Muslim locality and this is a Hindu-dominated locality? In which article of the Constitution is it provided that processions of Ramnavami, Hanuman Jayanti, Maa Durga etc. cannot pass through any Muslim or other communally dominated street or locality? Where is it written that slogans like 'Bharat Mata Ki Jai', 'Team India Zindabad' and 'Vande Mataram' in celebration of victory are anti-Islam? Or people shouting slogans cannot pass in front of Jama Masjid? More or less, the celebration of victory has never been the reason for communal riots in Mhow, the birthplace of Ambedkar. The whole world must have seen a picture! Shami introduced Virat Kohli to his mother. Virat first touched the feet of that mother. The Muslim mother also pampered the Hindu son like her own son. Blessed him. There is no tradition of touching feet in Islam, but among Hindus it is considered the biggest ritual. Try to understand this communal harmony and humanity. The fundamentalists of Islam could have issued a fatwa against Shami's mother! But those moments were seen as coordination and human respect. The rioters of Mhow can also learn a lesson from this. Actually, Hindus and Muslims have lived together in every region of the country. Tension has spread and riots have also been our divisive past, but the victory of Team India is 'national'. The team also has prominent fast bowler Mohammed Shami and other Hinduists. When their strength is combined, it becomes 'Indian' and we have been conquering the world. When the celebratory procession in Mhow passed in front of Jama Masjid, suddenly stone pelting started. Later, vehicles, shops and even temples were set on fire. An attempt was also made to burn down houses. These words were also heard - 'Call your Ram, your car is burning. Who will save you?' A young girl, an elderly woman and a young man have verified these words. On the other hand, the Muslim side alleges that a crowd passed in front of Jama Masjid shouting slogans of 'Shri Ram'. However, the growing hatred has to be stopped.

# A result of collective efforts, a strong and balanced team is essential for success

Can our other sports associations learn something from the cricket administrators? Can we expect our best performance in the 2028 Olympics? We are bidding to host the 2036 Olympics, so it would be appropriate for us to emerge as a leading sporting nation in that direction. There are some inherent achievements in becoming the Champions Trophy champions. It is a human tendency to want to see happy images again and again, keeping this in mind, I am taking the liberty to try to revive those moments of happiness. There is no doubt that cricket and cinema have been our biggest sources and means of entertainment. Despite the emergence of various mediums on the entertainment scene over time, there is probably no equal to any big cricket victory even today. The victory of the Champions Trophy has made us feel happy again. Our cricket team has remained strong for decades. We have had some notable achievements in the past too. Like every big success, some special aspects have emerged with this victory too. India has given world cricket unparalleled talents. From Sunil Gavaskar and Kapil Dev to the rise of Sachin Tendulkar, we have had the best players of the game. While Gavaskar, the greatest batsman of all time, and Kapil Dev, the best fast bowling all-rounder, were contemporaries, Tendulkar pioneered the best batting order in history. His era also brought us many moments of glory, yet there was a lack of consistency. The most logical reason for this is that cricket is a team sport, in which individual excellence can bring success once in a while, but a strong and balanced team is essential for sustained success. The Champions Trophy stands out in this regard. This victory was the result of collective efforts. We saw that throughout the tournament, different players came forward and contributed to the victory. The team took the right decisions right from the beginning. They assessed the conditions well and fielded their best combination. The team management also deserves credit for doing a great job of adapting to the white-ball format after a disappointing performance in Test cricket, first in the home series against New Zealand and then in Australia. From seniors to young batsmen, everyone contributed at the right time in the team's victory. The depth of our batting order and the ability to withstand pressure took us to a different level. It takes a lot of courage to play four spinners in limited overs cricket. Thinking about it, it may seem very strange that we went in with only one pure fast bowler in the form of Shami and only Varun Chakravarthy and Kuldeep Yadav as specialist spinners, while the rest of the bowlers were actually all-rounders who performed brilliantly as per the demand of the situation. This could have also proved to be a strategic mistake, which eventually became a masterstroke. While this gave depth to our batting order, it also provided the option of a sixth bowler. During the last few years, our team has been successful in performing with amazing consistency in the white-ball format. In the last three ICC tournaments - 2023 World Cup, 2024 T20 World Cup and the recently concluded Champions Trophy, we have won 23 out of 24 matches. The only defeat was in the 2023 World Cup final against Australia. This average of wins is a remarkable achievement. In the past years, the only regret was that despite being a strong contender, we were not able to win any ICC trophy and despite consistently performing well, we were getting eliminated in the knockout round. The victory in the T20 World Cup last year broke this sequence, which this victory further increased. Today our position can be a matter of envy for other teams. Our team is the best in limited overs cricket. Its depth can be gauged from the fact that even our second-rate team is capable of facing the main teams of many countries. At present, along with celebration, it is also necessary to look at the future. There is constant speculation about our two biggest legends Rohit Sharma and Virat Kohli. In ODI cricket, they are undoubtedly among the greatest players in history and this tournament also showed that their importance will remain in this format for the next few years. Apart from this format, both have already retired from T20 International. While Kohli still seems to have Test cricket left in him, Rohit's future in the longest format should probably be considered. Success brings satisfaction and also makes one aspirational. While we have a lot of enthusiasm and talent on one hand, on the other hand, given the same popularity and resources, it is definitely a matter of concern that we have not yet won the World Test Championship i.e. WTC. The great teams of the past have dominated in every format of the game. This title has slipped out of our hands twice and this time we could not even reach the final. Hopefully we will be successful in the next cycle of WTC. If we look ahead, our goals should be very clear - T20 World Cup of 2026, WTC 2025-27 and 2027 ODI World Cup. Can our other sports associations learn something from cricket administrators? Can we hope for our best performance in the 2028 Olympics? We are bidding to host the 2036 Olympics So in that direction it would be appropriate for us to emerge as a leading sporting nation. There are some inherent achievements in becoming Champions Trophy champions. In 1989, we had organised the Nehru Cup on the birth centenary of the first Prime Minister. We were very disappointed to see our arch-rival Pakistan win the tournament in Kolkata. Now the white blazer that our players received in Dubai after becoming winners had Pakistan's name inscribed on it as the host. In fact, sports history is full of bittersweet memories. A generation of sports lovers must have enjoyed the way Pakistan dominated.

# INDIA troubled by Aurangzeb, Abu Azmi's statement exposed secularism

Due to this pseudo secularism, the initiative to ban the evil practice of triple talaq was also opposed. It is no secret that INDIA is facing many political crises and this was well exposed during the Delhi Assembly elections when SP and Trinamool Congress came out in support of AAP. Abu Azmi, leader of Samajwadi Party in Maharashtra, withdrew his statement glorifying Aurangzeb, but he remains at the center of political debate and controversy. Meanwhile, some other people found Aurangzeb kind and they too did not hesitate to praise him. There can be no doubt that Aurangzeb was a fanatic and cruel ruler. After all, who could be worse than the one who beheaded his own brother Dara Shikoh and presented his head on a platter to his father Shah Jahan? The details of his misdeeds have been written by his court writer Saqi Mustaid Khan in Maasir-e-Alamgiri. In fact, this is the reason why almost all historians agree that Aurangzeb was the most cruel ruler and it was because of his crazy actions that the Mughal rule collapsed. Even after this, there is no dearth of people glorifying him in India and Pakistan. I don't know why, some Muslims feel that even if Aurangzeb was very bad, it is their religious duty as Muslims to praise him. Some liberal intellectuals also feel that until they call Aurangzeb a great and kind ruler, it will be difficult for them to prove themselves secular. For this reason, they also consider it their secular duty to praise Aurangzeb and similar invaders. It was fortunate that Abu Azmi backed out from glorifying Aurangzeb, otherwise he was going to create a big crisis for the opposition parties' front INDIAA. However, this crisis is not over yet. It is not possible for the political parties of Maharashtra to tolerate the glorification of Aurangzeb. These include not only BJP, Shiv Sena and both the components of NCP, but also Congress. It cannot be ignored that when SP chief Akhilesh registered his objection to the suspension of Abu Azmi from Maharashtra Assembly for praising Aurangzeb and said that 'the truth cannot be curbed by suspending him', then Uddhav Thackeray did not delay in admonishing him. Just as Abu Azmi had raised a dilemma before the INDIAA leaders, similarly, at one time Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin's son and minister Udayanidhi had forced INDIAA to look around by calling Sanatan Dharma dengue, malaria and expressing the need to eradicate it. They were neither able to swallow nor spit out Udayanidhi's absurd comment. Since the statement expressing the need to end Sanatan Dharma was extremely objectionable, the leaders of many constituents of INDIAA had to admonish Udhayanidhi in hushed tones. A similar situation had arisen when some so-called secular and socialist leaders had started making comments against Ramcharitmanas. Recently, Mallikarjun Kharge's comment on Maha Kumbh had also become a problem for the leaders of the opposition alliance. Some Congress leaders even chose to take a dip in the Sangam without caring about Kharge's comment. Karnataka Deputy Chief Minister DK Shivakumar was also among them. Due to the distorted concept of secularism that has been adopted in India, it becomes necessary for people calling themselves secular to glorify invaders like Aurangzeb and to call Sanatan Dharma and its traditions old-fashioned. For this reason, the so-called secular parties continued to oppose the construction of Ram Mandir in Ayodhya. The result of this protest was that the reality of secularism was exposed and it was proved that it is pseudo secularism. If today any leader does not say that he is dedicated to the protection of secularism, then it has become a despised word. Due to this pseudo secularism, the initiative to ban the evil practice of triple talaq was also opposed. It is no secret that INDIA is facing many political crises and this was clearly exposed during the Delhi assembly elections when SP and Trinamool Congress came out in support of AAP. If anything became clear from this, then it is that the heartfelt desire of the INDIA components is that in the name of unity of the alliance, Congress remains weak even in those states which were once its strongholds. Congress wants to establish its roots again in these strongholds. Its allies do not like this. Overall, due to lack of mutual trust among the components of INDIA, there will be conflicts. Whenever some Udayanidhi will curse Sanatan Dharma or some Abu Azmi will praise Aurangzeb, its crisis will increase because its leaders are not ready to give up pseudo-secularism.

# रामपुर में बड़ा हादसा, खुदकुशी के इरादे से ट्रैक पर गए परिवार के तीन सदस्यों की मौत; बच्चा और की-मैन घायल

मुरादाबाद- रामपुर में खुदकुशी के इरादे से ट्रैक पर गए परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर बचाने गया की-मैन भी बुरी तरह जख्मी हो गया। बच्चे और की-मैन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



उत्तर प्रदेश के रामपुर में घरेलू कलह में खुशकुशी के इरादे से ट्रैक पर गए परिवार के तीन सदस्यों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जबकि नौ साल का बच्चा बुरी तरह जख्मी हो गया। इसके साथ परिवार को बचाने पहुंचा की-मैन भी गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव के टुकड़ों को उठाया और पोस्टमार्टम भेजा। वहीं घायलों को जिला अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया है। पनवड़िया फाटक के पास नई बस्ती में रहने वाले सतपाल ( 40 ) पुत्र नेत्रपाल, अपनी पत्नी रिंकी ( 38 ), बेटी प्रियांसी ( 6 ), बेटा निर्भय ( 9 ) वर्ष साथ रहता था। सतपाल होली के त्योहार पर दिल्ली से देर रात घर पहुंचा था। इस बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि सतपाल ट्रेन से कटने के लिए ट्रैक पर चला गया। उसके पीछे उसकी पत्नी रिंकी भी अपने बच्चे बेटी प्रियांसी, बेटा निर्भय लेकर ट्रैक पर पहुंची। यहां इन लोगों की बातचीत हो रही थी कि इतने में स्टेशन पर तैनात की-मैन मक्खन सिंह ने परिवार को लड़ते हुए देखा। ट्रैक नंबर दो पर होली स्पेशल ट्रेन नंबर 04029-बरेली से मुरादाबाद की तरफ आती दिखी। इस दौरान की-मैन मक्खन ने सतपाल को हटाने की कोशिश की, लेकिन सतपाल ने मक्खन की कमीज का कॉलर पकड़ लिया। ट्रेन नजदीक आने पर की-मैन ने बच्चे निर्भय का हाथ पकड़कर खींचा। ट्रेन की टक्कर से मक्खन और निर्भय दूर छिटक कर बुरी तरह जख्मी हो गए। जबकि सतपाल उसकी पत्नी रिंकी और बेटी प्रियांसी कुचल गए। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। शोर-शराबा होने पर मौके पर पहुंची जीआरपी इंस्पेक्टर मुकेश कुमार और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। घायल की-मैन मक्खन और निर्भय को जिला अस्पताल भर्ती कराया। जबकि अन्य तीन शवों के टुकड़ों को बटोर कर पोस्टमार्टम भिजवा दिया।

# संभल में होली के जुलूस निकलने को लेकर प्रशासन अलर्ट, जामा मस्जिद में 2.30 बजे होगी जुमे की नमाज

मुरादाबाद- संभल में होली के जुलूस निकलने को लेकर प्रशासन अलर्ट है। उधर, जामा मस्जिद कमेटी ने एलान किया है कि जामा मस्जिद में जुमे की नमाज 2.30 बजे अदा की जाएगी। इससे



पहले बुधवार को पुलिस-प्रशासन की ओर से मस्जिदों को कवर कराया गया था। होली और होली से एक दिन पूर्व निकलने वाले गुलाल के जुलूस को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। बुधवार को जुलूस के मार्ग पर पड़ने वाली दस मस्जिदों को कवर कराया गया है। जिससे किसी तरह की आशांति न फैले। वहीं, दूसरी ओर जामा मस्जिद कमेटी ने भी जुमे की नमाज का समय 2.30 बजे तय कर दिया है। इसका एलान जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट ने किया है। जुमे की नमाज के समय को लेकर खड़े हो रहे विवाद को बुधवार की शाम जामा मस्जिद कमेटी ने विराम लगा दिया है। सदर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इंतजामिया कमेटी ने निर्णय लिया है कि जुमे के दिन होली है। सुबह से दोपहर तक होली के जुलूस निकाले जाएंगे। इसलिए जुमे की नमाज जामा मस्जिद में दोपहर 2.30 बजे अदा की जाएगी। इससे पहले होली के जुलूस संपन्न भी हो जाएंगे। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि बृहस्पतिवार को शहर में गुलाल का जुलूस निकलेगा। होली के दिन भी दो जुलूस निकाले जाएंगे। इन जुलूस के मार्ग पर दस मस्जिदें हैं। इन सभी मस्जिदों को तिरपाल से कवर कराया गया है। जिससे मस्जिदों में रंग की छींटे न पहुंचे। सुरक्षा के कड़े इंतजाम- एसपी ने बताया कि सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस के साथ पीएसी और आरआरएफ के जवान तैनात रहेंगे। पीस कमेटी की बैठक में दोनों समुदाय के लोगों से वार्ता हुई है। इसमें भी कहा है कि शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाएं। किसी ने भी अफवाह फैलाई या माहौल खराब करने का प्रयास किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मध्यम परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति से उबरकर बनीं लखपति दीदी, समूह के बने उत्पादों की उत्तराखंड के अलावा अन्य कई प्रदेशों में है मांग

मुरादाबाद- आज भी महिलाओं को घर की दहलीज लांघ कर रोजी रोटी कमाने को ग्रामीण परिवेश में अच्छा नहीं माना जाता है। इस दिशा में घर से लेकर परिवार की बंदिशें हैं। मगर समाज के तानों की परवाह न कर ठाकुरद्वारा विकास खंड की रतूपुरा की शालिनी ने गोबर व जूट के उत्पादों के माध्यम से अपनी पहचान बनाई है। आज उनके समूह के बनाए उत्पादों की बिक्री न सिर्फ मुरादाबाद बल्कि उत्तराखंड व देश की राजधानी के अलावा हिमाचल व अन्य दूसरे प्रदेशों में भी हो रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए संबल बना है। इस सीढ़ी का उपयोग कर गरीब परिवार व कम पढ़ी लिखी महिलाएं भी आर्थिक स्वावलंबन हासिल कर खुद देश के विकास की कड़ी बनी हैं। ऐसी ही हैं ठाकुरद्वारा विकास खंड के रतूपुरा गांव की शालिनी। वैसे तो शालिनी ने स्नातक तक की शिक्षा हासिल की है। लेकिन ग्रामीण परिवेश में रखने के चलते समाज व परिवार की कुछ बेड़ियां उनके पांवों में थी। आर्थिक तंगी से स्वयं व परिवार को जूझते देख उन्होंने समाज के तानों की परवाह किए बिना घर ही दहलीज लांघ दिया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से उन्होंने 2021 में अंशिका स्वयं सहायता समूह गठित किया। नाबार्ड के माध्यम से प्रशिक्षण हासिल कर जूट के बैग व अन्य उत्पाद बनाने में दक्षता हासिल की। इसके बाद सरकार की इस योजना में एक प्रतिशत ब्याज पर ऋण लेकर समूह में और महिलाओं को जोड़कर जूट के बोतल बैग, साइड बैग, स्कूल बैग, शॉपिंग बैग व फाइल






बनाना शुरु किया। बाद में इस काम के अलावा उन्होंने गाय के गोबर से उत्पाद बनाने की जानकारी लेकर काम शुरू किया। शालिनी बताती हैं कि ग्रामीण परिवेश के चलते गोबर व जूट का काम शुरू करने की जानकारी होने पर समाज के लोगों के ताने सुनने को मिले। लेकिन, तंगी से जूझने के चलते इनकी परवाह नहीं की और बहनों को जोड़कर विकास भवन में विभाग के अधिकारियों से मिलकर काम को आगे बढ़ाया। आज उनके समूह के बनाए जूट व गोबर से बने उत्पाद की मांग बढ़ रही है। कभी खुद थीं तंगहाल, आज लखपति दीदी- शालिनी कभी आर्थिक तंगी के चलते चिंता में रहती थीं। लेकिन योजना की जानकारी लेकर जब से उन्होंने घर की दहलीज लांघ कर ठान लिया कि खुद को साबित कर दिखाना है। फिर क्या था न ताने की चिंता व लोगों के द्वारा हतोत्साहित करने की फिक्र। सिर्फ अपने लक्ष्य को केंद्रित कर काम आगे बढ़ाया। सीमित क्षेत्रफल में खेती करने वाले किसान पति ने भी पत्नी के हौसले को संबल दिया। जिसके दम उनके जीवन की गाड़ी चल निकली और आज वह हर महीने 12-15 हजार रुपये कमाई कर लखपति दीदी बनी हैं। वह बताती हैं कि त्योहारों के सीजन में कमाई 25-50,000 रुपये तक पहुंच जाती है। गोबर के इन उत्पादों की है बहुत मांग-अंशिका स्वयं सहायता समूह के द्वारा न सिर्फ गोबर से बने उत्पादों के माध्यम से देसी अंदाज को बढ़ावा दिया जा रहा है बल्कि पर्यावरण को भी इको फ्रेंडली बना रही हैं। दिवाली पर उनके समूह के बनाए गणेश लक्ष्मी की मूर्ति की खासी मांग रहती है। वह गोबर से देवी देवताओं की मूर्ति के अलावा समरानी कप, घड़ी, मोमेंटो, एक्यूप्रेशर मशीन आदि बना रही हैं।

# होली पर शराब पीकर हुड़दंग करने वाले जाएंगे जेल, एसएसपी ने दिए निर्देश...ड्रोन से होगी होलिका दहन स्थलों की निगरानी

मुरादाबाद- होली के त्योहार पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों का पुलिस हुड़दंग करने वालों को सीधे जेल भेजेगी। इस संदर्भ में एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। होली पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि शराब पीकर सड़कों पर स्टंट करने वालों से भी सख्ती के साथ निपटा जाएगा। बड़ी संख्या में क्यूआरटी टीमें भी बनाई गई हैं। सूचना मिलते ही तत्काल टीमें मौके पर पहुंचकर बवाल को काबू करने का काम करेंगी। पुलिस लाइन में रिजर्व में भी टीमों की तैनाती की गई है। जो पूरा दिन घूमकर निगरानी करेंगी। हादसों की रोकथाम को 50 से अधिक स्थानों पर लगेंगे बैरियर- होली के त्योहार पर हादसों पर रोक लगाने के लिए 50 से अधिक स्थानों पर बैरियर लगाए जाएंगे। सभी बैरियरों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जाएगी। ब्रीथ एनलाइजर के जरिए शराब पीकर वाहन दौड़ाने वालों के चालान भी किए जाएंगे। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि बैरियर लगवाने के संबंध में अधिनस्थों को निर्देश जारी किए हैं। ड्रोन से होगी होलिका दहन स्थलों की निगरानी, हुड़दंगियों पर विशेष नजर- होली को पारंपरिक उल्लास व भाईचारे के साथ मनाने के लिए प्रशासन व पुलिस ने कमर कस ली है। गुरुवार को जिले के 1500 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होगा। होलिका दहन में कोई खलन न डाले इसलिए ड्रोन कैमरे से इन स्थलों की निगरानी कराई जा रही है। महानगर में स्मार्ट सिटी के द्वारा बनवाए एकीकृत कमांड सेंटर के माध्यम से हर तरफ लगे सेंसरयुक्त कैमरे से नजर रखी जा रही है।






जिलाधिकारी अनुज सिंह ने महानगर से लेकर पूरे जिले में प्रशासनिक व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को मजिस्ट्रेट नामित कर होलिका दहन व होली सकुशल कराने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। होली के रंग में भंग डालने वालों पर सख्ती करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया है। प्रशासनिक अधिकारी होलिका दहन स्थलों की निगरानी करा रहे हैं। पीस कमेटी की बैठकों के माध्यम से लोगों को आपसी सौहार्द से त्योहार मनाने का आह्वान किया जा रहा है। सख्ती से अराजक तत्वों व हुड़दंगियों से निबटा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को पूरी तन्मयता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने का निर्देश दिया है। वह स्वयं हर स्थिति पर नजर रखे हैं। भद्रा के चलते होलिका दहन रात 11॰26 बजे से 12॰48 बजे तक- इस बार होलिका दहन पर भद्रा का साया है। इसके चलते 13 मार्च को देर रात होलिका दहन शुभ मुहूर्त में रात 11॰26 बजे से लेकर रात 12॰48 बजे तक किया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पं. केदार मुरारी ने बताया कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होलिका दहन के दिन 13 मार्च को भद्रा सुबह 10 बजकर 36 मिनट से शुरू होकर रात 11 बजकर 27 मिनट तक रहेगी। भद्रा के दौरान कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है। ऐसे में भद्रा खत्म होने के बाद ही होलिका दहन करना सही रहेगा। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11॰26 बजे से लेकर रात 12॰ 48 बजे तक रहेगा। होलिका दहन के लिए 1 घंटा 21 मिनट का समय मिलेगा। उन्होंने बताया कि रंगों की होली 14 मार्च को खेली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### विधवा के फोटो एडिट कर आरोपी ने सोशल साइट पर की वायरल, बदनामी के डर से पीड़िता ने खाया जहरीला पदार्थ

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

मुरादाबाद- कुंदरकी थाना क्षेत्र में पिछले तीन साल से दलित विधवा से मुस्लिम युवक छेड़छाड़ करता रहा। विरोध करने पर महिला के फोटो एडिट कर अश्लील बनाकर सोशल साइट पर वायरल कर दिए। महिला ने फोटो देखे तो घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी फुरकान को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने अब आरोपी पर पति की हत्या करने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि फुरकान ने उसे बताया था कि उसने ही मेरे पति की हत्या की थी। थाना कुंदरकी क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा से उसी गांव का मुस्लिम युवक फुरकान पिछले तीन साल से छेड़छाड़ कर रहा था। पीड़िता ने बदनामी के डर से किसी को इस मामले की जानकारी नहीं दी। आरोप है कि पांच दिन पहले महिला मुरादाबाद के एक पार्क में बैठी थी तो आरोपी फुरकान वहां पर पहुंच गया। आरोपी ने उसका फोटो खींच लिया। मंगलवार को आरोपी ने फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। शाम को जब महिला ने अपने एडिट अश्लील फोटो देखे तो उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजनों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी फुरकान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे रात में ही गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि महिला के पति की मौत तीन साल पहले हो गई थी। उसका पति सात दिन से गायब था और उनका शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा मिला था। महिला का आरोप है कि आरोपी फुरकान ने बताया था कि तुम्हारे पति की हत्या मैंने की है। अब तुम्हें मेरे साथ ही रहना होगा। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। पति की मौत के बाद से कर रहा छेड़छाड़- मुरादाबाद, अमृत विचार॰ आरोपी फुरकान की पीड़िता के पति से दोस्ती थी। दोस्ती के चलते आरोपी का महिला के घर आना जाना था। महिला के पति की मौत के बाद से आरोपी लगातार छेड़छाड़ कर रहा है। रास्ते में जाते समय पीछा करता है। इतना ही नहीं घर पर जाकर भी कई बार छेड़छाड़ की। समाज में बदनामी के डर से महिला ने किसी को इस मामले की जानकारी नहीं दी थी। अब जब आरोपी ने महिला के फोटो एडिट कर वायरल कर दिए तो वह इतनी क्षुब्ध हो गई कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया।

### संभल में एएसआई की टीम ने की जामा मस्जिद की नापतोल; पुताई के काम की करेगी निगरानी

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद की पुताई के लिए एएसआई की टीम पहुंच गई है। एएसआई की नापतोल के बाद जमा मस्जिद की पुताई का काम शुरू होगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जामा मस्जिद में पुताई का आदेश दिया है। इसको लेकर बृहस्पतिवार को एएसआई की टीम मस्जिद की नापतोल करने के लिए पहुंच गई है। जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट ने बताया कि एएसआई जो स्थान पुताई के लिए बताएगी। वहां-वहां पुताई कराई जानी है। यदि आज ही टीम द्वारा स्थान बताए जाते हैं तो पुताई शुरू होगी, यदि टीम नहीं बताती है तो सोमवार से काम शुरू होगा। बताया कि पुताई के बाद सजावट का काम कराया जाएगा।जामा मस्जिद कमेटी सदर ने कहा कि हर वर्ष रमजान के माह में जामा मस्जिद की पुताई और सजावट होती रही है। इसको लेकर इस बार अनुमति मांगी थी, लेकिन अनुमति नहीं मिली तो उच्च न्यायालय में याचिक दायर की थी। याचिका की पहली सुनवाई पर उच्च न्यायालय ने एएसआई को मस्जिद की स्थिति का आकलन करने के लिए भेजा था। जिसमें एएसआई की टीम द्वारा न्यायालय में दाखिल की गई रिपोर्ट में कहा था कि पुताई की जामा मस्जिद में जरूरत नहीं है।सफाई कराई जा सकती है। जामा मस्जिद कमेटी ने अपना पक्ष रखा था। जिसके बाद उच्च न्यायालय ने पुताई व सजावट का आदेश दिया है। हालांकि इसकी निगरानी एएसआई द्वारा की जानी है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# दहेजलोभी ससुरालीजन कुचक्र रचबहू को फंसाना चाहते झूठे मुकदमो बहू व मासूम नाती को घर से करना चाहते बेदखल

क्यूँ न लिखूँ सच

उरई । दहेज लोभी ससुरालीजनो ने पहले दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित किया और उससे बारह लाख रूपये व आर्टिका कार की मांग की। और दहेज लोभी ससुरालीजन शिवमंगल दौहलिया व सीतासरण दौहलिया ने विवाहिता से बोला कि मेरा लड़का आई0ए0एस, आई0पी0एस व पी0सी0एस तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओ की ?तैयारी करवाता है लाखो रूपये कमाता है तुम्हारे घर वालो ने मेरे बेटे और मेरे परिवार की हैसियत के अनुसार दहेज नही दिया है । सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली उरई मुहल्ला नया रामनगर निवासी शिवमंगल दौहलिया ने अपने पुत्र रविशंकर दौहलिया का विवाह 20 लाख रूपये का दहेज लेकर बाबई निवासी सोनू उर्फ सौम्या पाराशर से बर्ष 2018 किया था। लेकिन विवाह के कुछ माह बाद से ही अतिरिक्त दहेज मे बारह लाख रूपये व आर्टिका कार की मांग निरन्तर ससुरालीजनो द्वारा जिनमे ससुर शिवमंगल, चाचा ससुर सीताशरण,ननद रीना पत्नी राजेश ब्यास, बुआ सास किशोरी बुटोलिया,तथा अन्य परिवारजनो ने मिलकर की। जब अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नही हुई तो ससुरालीयों ने विभिन्न तरह के हथकंडे अपना कर बहू को शारीरिक एवं मानसिक यातनाएं देनी शुरू दी और झूठी कहानी गढ़कर बेटे रविशंकर द्वारा तलाक का मुकदमा कोर्ट मे दायर कर बिना तलाक लिए अपने बेटे रविशंकर दौहलिया की दुसरी शादी करवा दी। तब 6 महीने के मासूम रेयांस को लेकर पीड़ित बहू ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई तथा परिवार परामर्श केन्द्र के चक्कर काटे लेकिन राजनैतिक संरक्षण प्राप्त दबंग ससुरालीयों के दवाब मे पुलिस ने पीड़ित बहू की रिपोर्ट नही लिखी जिस कारण पीड़ित बहू अपने मासूम के बेटे रेयांस के हक के लिए न्यायालय की शरण ली। बौखलाये ससुरालियों ने न्यायालय द्वारा भरण पोषण के मुकदमे की रिकबरी पैतृक सम्पत्ति से न हो इस लिए ससुर शिवमंगल ने मासूम नाती के हक को छीन कर भूमिहीन करते हुये सम्पत्ति का विक्रय कर दिया। इतना ही नही ससुरालीजनो ने मासूम नाती रेयांस तथा बहू सोनू को घर से बेघर करने के लिए फर्जी कुटरचित बसीयत तैयार कराकर मकान अपने भाई सीताशरण के नाम कर दिया जिससे मासूम के सिर से छत भी छीन ली है। जब बहू ने इनके कारनामो का चिट्ठा रखते हुये न्यायालय को सच्चाई बताते हुये अपना पक्ष रखा जिसमे शिवमंगल दौहलिया बौखला गये और उन्हे अपनी जालसाजी तथा मुकदमे मे हार का डर सताने लगा तो परिवारिक




# मानव की मौत का वो सच...अब आएगा सामने, सास और साली गिरफ्तार; पत्नी निकिता की तलाश तेज

टीसीएस मैनेजर मानव शर्मा ने 24 फरवरी को फंदे से लटककर जान ने दी थी। मौत के बाद उनके मोबाइल में एक वीडियो मिला था। इस वीडियो में पत्नी और सुसरालीजन को लेकर कई आरोप लगाए गए थे। इसके बाद से ही पुलिस मानव के ससुरालवालों की तलाश में जुटी थी। अब सास और साली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आगरा में टीसीएस कंपनी के मैनेजर मानव शर्मा की खुदकुशी के मामले में थाना सदर पुलिस ने सास और साली को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में आरोपी पक्ष ने हाईकोर्ट में गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोर्ट ने राहत नहीं दी। वहीं मानव की पत्नी निकिता और ससुर अभी फरार हैं।सदर क्षेत्र निवासी टीसीएस मैनेजर मानव शर्मा की शादी बरहन की रहने वाली निकिता शर्मा के साथ हुई थी। 24 फरवरी को मानव शर्मा ने फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली थी। खुदकुशी के लिए अपनी पत्नी निकिता और ससुरालीजन के उत्पीड़न को जिम्मेदार ठहराया था। आत्महत्या के कई दिन बाद मानव के मोबाइल से आत्महत्या करने से पूर्व का वीडियो मिला, जिसमें मानव ने निकिता के उत्पीड़न को बयां किया था। इसके बाद मानव के पिता ने थाना सदर में पुत्रवधू निकिता, ससुर, सास और साली को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज करवाई। शिकायत में कहा था कि शादी के बाद ही निकिता की हरकतों के कारण बेटा परेशान रहने लगा था। रोजाना झगड़ों और क्लेश के कारण मानव की मानसिक शांति खत्म हो गई थी। वह भी अपने बेटे और बहू को समझाने के लिए गए थे। लेकिन निकिता के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आ रहा था। एफआईआर में मानव के परिजन ने आरोप लगाया कि निकिता कहती थी कि घरवालों ने उसकी मर्जी के विरुद्ध शादी की है। मैं किसी और से प्यार करती हूं। बेटा फोन पर अकसर बहू की हरकतों के बारे में बताया करता था। निकिता की हरकतों के कारण बेटा गहरे अवसाद में चला गया और 24 फरवरी को उसने आत्महत्या कर ली। हाईकोर्ट से नहीं मिल सकी राहत- निकिता के पिता ने हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की। लेकिन हाईकोर्ट ने प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। इसके बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। एसीपी सदर ने बताया कि एफआईआर में नामजद मानव की सास और साली को गिरफ्तार किया गया है।




## फर्जी निस्तारण पर कार्रवाई: एसडीओ और जेई समेत तीन अधिकारी निलंबित, 24 घंटे में दूसरी बड़ा एक्शन

शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर बिजली विभाग में कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। अब तक एसडीओ व जेई समेत तीन अधिकारी निलंबित हो चुके हैं।शिकायत पर निस्तारण का फर्जीवाड़ा करने वाले बिजली विभाग के एसडीओ के समय तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया है। 24 घंटे में या दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले बुधवार शाम को फतेहपुर के अधिशासी अभियंता को निलंबित किया गया था। ताजा कार्रवाई हैदरगढ़ डिवीजन से जुड़ी है।विद्युत उपकेंद्र भिलवल के दून्दीपुर गांव निवासी वहीदुल हसन सिद्दीकी ने 19 दिसंबर को अपने खराब विद्युत मीटर को बदलवाने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन वहीदुल का कहना है कि अधिकारियों ने बिना मीटर बदले ही कागजी खानापूर्ति कर शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया।शिकायतकर्ता ने इस गड़बड़ी की जानकारी पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन को दी, जिसके बाद मामले की जांच कराई गई। शासी अभियंता पी.के. गौतम ने बताया कि जांच में उपभोक्ता की शिकायत सही पाई गई। इसके बाद विभाग ने एसडीओ हैदरगढ़ रिजवान सिद्दीकी, जेई भिलवल उपकेंद्र आनंद मतोलिया और जीएमपी मीटर दिलीप को लापरवाही और गलत सूचना देने का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही, इन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अधीक्षण अभियंता राजबाला ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी ढंग से किया जाएगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अखिलेश यादव का तंज: सीएम योगी को 30 से बड़ा प्रेम... बोले- भाजपा सरकार के कारनामों की ''पान पर चर्चा'' होगी

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भाजपा सरकार ने पुलिस को बेईमान बना दिया है। योगी जी तीस मार खां हैं।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़े तीस मार खां है। उन्हें तीस से बड़ा प्रेम है। महाकुंभ में मरे कितने, उन्होंने बताया तीस। कारोबार कितना हुआ, बताया 30 करोड़। पूरे प्रदेश को कितना फायदा होगा बताया तीस गुणा दस हजार करोड़। यह आंकड़ा मुख्यमंत्री के अलावा कोई नहीं दे सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कारनामों की अब ''पान पर चर्चा'' होगी।अखिलेश यादव गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री बताएं कि उन्होंने कब फैसला लिया था कि प्रयागराज में परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र अपनी बाइक का कामर्शियल यूज करेंगे और उससे पैसा कमाएंगे। मुख्यमंत्री के बयान से तो यह लगता है कि अब प्रयागराज के छात्रों को अगला रोजगार 144 साल बाद लगने वाले महाकुंभ में ही मिलेगा।उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में संविधान सुरक्षित नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार की असंवैधानिक कार्रवाइयों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार टिप्पणी की है। निर्देश दिए हैं। सरकार के खिलाफ अपना ऑब्जरवेशन दिया है, फिर भी भाजपा सरकार उसे नहीं मान रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नौजवान, किसान और पीडीए विरोधी है। भाजपा सरकार अब कुछ भी कर ले लेकिन पिछड़ा, दलित, आदिवासी, आधी आबादी और अल्पसंख्यक भाइयों ने मन बना लिया है कि वह पीडीए को मजबूत करेंगे। पीडीए की ताकत को आगे बढ़ाएंगे। इस सरकार ने पुलिस को बेईमान बना दिया है अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। किसानों की आय दोगुना नहीं हुई। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। लगातार हत्याएं हो रही हैं। लूट हो रही है, स्वास्थ्य सेवाएं खराब हो चुकी हैं। मेडिकल कॉलेजों, अस्पतालों में इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीज को एंबुलेंस नहीं मिलती है। हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है, ऐसा भ्रष्टाचार और लूट कभी नहीं था। इस सरकार ने पुलिस को बेईमान बना दिया है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार को उजागर करने वालों की हत्याएं हो रही हैं। जानकारी मिली है कि सीतापुर के पत्रकार ने भ्रष्टाचार को उजागर किया था, इसलिए उसकी हत्या हो गई। भ्रष्टाचार के मामले में यह कोई पहली जान नहीं गई है। अभी नोएडा में जिस अधिकारी ने आत्महत्या की है, उसके बारे में पता चला है कि उसके ऊपर बहुत दबाव था। अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ में हुई भगदड़ में जिन लोगों की मौत हुई है, उनका कभी न कभी खुलासा जरूर होगा। प्रयागराज में अपनों को खोजते हुए तमाम लोग खोया पाया केंद्र में गए लेकिन जानकारी नहीं मिली।



# बरेली डबल मर्डर: सुबह चाचा-भतीजे को गोलियां से भूना, शाम को पुलिस पर फायरिंग, मुठभेड़ में दो आरोपी गिरफ्तार

